न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट, नागौर

बइजलास – मोहन लाल खटनावलिया, आर0ए0एस0

परिवाद संख्या – 39/2021

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कम अभिहित अधिकारी, नागौर		जंवरीलाल भट्ट पुत्र बाबूलाल जाति भट्ट निवासी चण्डकावाडी, गोपीनाथ जी मंदिर के पास, वार्ड नं. 17 नागौर। फर्म–कृष्ण गोपाल डेयरी, गोपीनाथ जी मंदिर के पास, वार्ड नं. 17 तहसील व जिला नागौर।

आदेश दिनांक :18.11.2021

1. प्रार्थी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नागौर द्वारा परिवाद प्रस्तुत किया गया कि दिनांक 22-03-2021 को मैसर्स कृष्ण गोपाल डेयरी, गोपीनाथ जी के मंदिर के पास, वार्ड नं. 17 तहसील व जिला नागौर पर खाद्य पदार्थ पनीर में मिलावट का शक होने पर नमूना वास्ते जांच लिया जाकर सीरीयल कोड नं. क्यू 1523 अंकित किया गया। उक्त नमूने की जांच खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर से करवायी गयी। जिनकी जांच रिपोर्ट क्रमांक एलएस/114/एक्ट/2021/82 दिनांक 25.03.2021 के द्वारा प्रार्थी द्वारा लिया गया नमूना पनीर सब स्टेण्डर्ड होना पाया गया। उक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार अभियुक्त जंवरीलाल भट्ट पुत्र बाबूलाल जाति भट्ट निवासी चण्डकावाडी, गोपीनाथ जी मंदिर के पास, वार्ड नं. 17, नागौर ने एफ.एस.एस.ए. 2006 की धारा 26 उप धारा (2)(ii) का उल्लंधन किया है, जो कि एफ.एस.एस.ए.2006 की धारा 51 के तहत जुर्माना योग्य अपराध होने से अप्रार्थी को जुर्मने से दण्डित किए जाने हेतु निवेदन किया गया।

2. खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा यह परिवाद दिनांक 24-06-2021 को इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी ने दिनांक 12.8.2021 को अपना जवाब प्रस्तुत किया। अप्रार्थी ने अपने जवाब मे बताया कि मेरी दुकान गायत्री भवन के सामने गोपीनाथ मंदिर के पास नागौर मे स्थित है। मेरी दुकान से खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य प्रदति पनीर जो जांच हेतु लिया गया वो अमानक स्तर का पाया गया था। आगे से यह गलती नही होगी। अतः कम से कम जुर्माना लगाने का निवेदन किया है।

3. पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं पत्रावली पर प्रस्तुत दस्तावेजात एवं खाद्य विश्लेषक से प्राप्त जांच रिपोर्ट संख्या एलएस/114/एक्ट/2021/82 दिनांक 25.03.2021 के अनुसार खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना Sub Standard होना पाया गया है। अप्रार्थी ने भी अपने जवाब मे अपना जुर्म स्वीकार किया है तथा भविष्य मे अपराध की पुनरावृति नही करने हेतु आश्वस्त भी किया है। इसलिये अप्रार्थी को दोषी करार दिया जाता है। इस प्रकार अप्रार्थी द्वारा खाद्य एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा (ii) का उल्लंधन करने एवं अपराध कारित करने के फलस्वरूप उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत अप्रार्थी जंवरीलाल भट्ट पुत्र बाबूलाल जाति भट्ट निवासी चण्डकावाडी, गोपीनाथ जी मंदिर के पास, वार्ड नं. 17, नागौर पर रूपये 30,000/– अक्षरे तीस हजार रूपये शास्ति आरोपित की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं संबंधित अप्रार्थी को भिजवाने हेतु अभिहित अधिकारी कम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नागौर को भेजी जावे। अप्रार्थी से उपरोक्त शास्ति राशि वसूल कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नागौर के कार्यालय में ट्रेजरी चालान के माध्यम से निर्णय तिथि के एक माह के अन्दर जमा करवाई जाकर पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि अप्रार्थी निर्धारित समयावधि में शास्ति राशि जमा करवाने में असफल रहता है तो अभिहित अधिकारी कम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नागौर इस संबंध में बनाए गए नियमों के अंतगर्त वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित करेंगे।

4. आदेश लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(मोहन लाल खटनावलिया)
अति. जिला मजिस्ट्रेट, नागौर

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
नागौर (राजस्थान)